आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 05.12.25 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :–

- भारत और रूस ने आज शिक्षा और स्वास्थ्य सहित कई क्षेत्रों में समझौतों पर हस्ताक्षर किए।
- केन्द्र सरकार देशभर में जल्द ही सहकारी टैक्सी और सहकारी बीमा जैसी पहल शुरू करेंगी।
- मुख्यमंत्री ने आज ऑनलाइन प्रकिया से चयनित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को प्रदान किये नियुक्ति पत्र।
- **विधानसभा का शीतकालीन सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित; ₹13,000 करोड़ से अधिक का अनुपूरक बजट पारित ।**

प्रधानमंत्री–पुतिन संयुक्त वक्तव्य

भारत और रूस ने आज रक्षा, व्यापार, अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, संस्कृति और मीडिया से जुड़े क्षेत्रों में कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए। नई दिल्ली में 23वें भारत–रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि भारत–रूस मैत्री वैश्विक चुनौतियों का सामना करने की शक्ति प्रदान करेगी और यही विश्वास दोनों देशों का साझा भविष्य सुनिश्चत करेगा। उन्होंने कहा कि भारत और रूस आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं।

गुजरात–अमित शाह

गृह तथा सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार, जल्द ही देशभर में सहकारी टैक्सी, सहकारी बीमा और सहकारी समितियों के बीच सहयोग जैसी पहल शुरू करेगी। गुजरात के गांधीनगर में नाबार्ड–आईएएमएआई अर्थ समिट 2025 के उद्घाटन सत्र में श्री अमित शाह ने दोहराया कि ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं को मज़बूत किए बिना विकसित भारत का सपना साकार नहीं होगा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य आगामी वर्षों में देश के सकल घरेलू उत्पाद में सहकारी क्षेत्र के योगदान को तीन गुना बढ़ाना है। दो दिन के शिखर सम्मेलन में श्री शाह ने सहकार सारथी, सहकार सेतु, अभियान साथी और पैक्स साथी सहित कई पहलों का शुभारंभ किया, जिनका उद्देश्य ग्रामीण बैंकिंग प्रणाली को मज़बूत करना है।

चौहान एम एस पी

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। राज्यसभा में आज श्री चौहान ने कहा कि सरकार ने तय किया कि फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य–एमएसपी, लागत में मुनाफे का 50 प्रतिशत जोड़कर तय किया जाएगा।

**डीजीसीए-अवकाश**

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय- डीजीसीए ने एयरलाइनों को चालक दल के सदस्यों द्वारा बीमारी या विशेष अवकाश को उनके अनिवार्य साप्ताहिक विश्राम अवधि के हिस्से के रूप में गिनने से रोकने वाले नियम को वापस ले लिया है। सभी ऑपरेटरों को लिखे एक पत्र में, डीजीसीए ने कहा कि परिचालन में जारी व्यवधानों और परिचालन की निरंतरता

एवं स्थिरता सुनिश्चित करने के संबंध में विभिन्न एयरलाइनों से प्राप्त ज्ञापनों को देखते हुए इस नियम को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। डीजीसीए ने पहले यह अनिवार्य किया था कि साप्ताहिक विश्राम के स्थान पर कोई अवकाश नहीं लिया जाएगा।

नियुक्ति पत्र

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज विधानसभा समिति कक्ष से पारदर्शी ऑनलाइन प्रक्रिया से चयनित नवनियुक्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए । इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को दिया जा रहा नियुक्ति पत्र बच्चों की मुस्कुराहट, पोषण और मातृ स्वास्थ्य की जिम्मेदारी निभाने का वचन है। देश में पहली बार मध्यप्रदेश ने आंगनवाड़ी भर्ती के लिए पूरी तरह ऑनलाइन, पारदर्शी व मेरिट आधारित प्रक्रिया अपनाई है।

एस.आई.आर.

निर्वाचन आयोग ने आज कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण- एसआईआर चरण दो की शुरूआत के बाद मतदाताओं में पचास करोड़ 92 लाख से अधिक गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं। इस चरण में लगभग 51 करोड़ मतदाताओं में से 99 दशमलव नौ प्रतिशत सम्मिलित किए जाएंगे। आयोग ने कहा कि अब तक लगभग 47 करोड़ फॉर्म का डिजिटिकरण किया जा चुका है। दमोह, जिले में मतदाता गहन पुनरीक्षण का कार्य लगभग पूरा हो चुका है । कलेक्टर के द्वारा समय समय पर इसकी जानकारी फेसबुक लाइव के द्वारा आम जनता को दी जा रही है और आम जनता की जिज्ञासाओं का भी समाधान विशेषज्ञ टीम के द्वारा किया जा रहा है। कलेक्टर सुधीर कोचर ने बताया कि

.......

वहीं राजगढ़ जिला मुख्यालय सहित सभी विकासखंडों में मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण हो गया है।

विधानसभा

विधानसभा के शीतकालीन सत्र का vkt समापन हो गया, जिसमें 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक का द्वितीय अनुपूरक बजट पारित किया गया। अंतिम दिन सदन की कार्यवाही बिना भोजन अवकाश के लगातार चली और अधिकांश समय शांतिपूर्ण रहा। प्रश्नकाल में ग्राम पंचायत उदयनगर को नगर परिषद बनाने और परासिया के चांदमाता क्षेत्र में ऑडिटोरियम निर्माण जैसे मुद्दे उठे, जिन पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने जवाब दिए। ध्यानाकर्षण में अवैध वन कटाई और आदिवासियों के विस्थापन का मुद्दा गरमाया, जिस पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और मंत्री दिलीप अहिरवार के बीच तीखी नोकझोंक हुई और विपक्ष ने सदन से वॉकआउट कर दिया।

स्थापना दिवस

प्रदेश में होम गार्ड्स और नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस कल मनाया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम राजधानी भोपाल में सुबह 10 बजे शुरू होगा, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सलामी लेकर होम गार्ड्स और नागरिक सुरक्षा बल के जवानों के उत्साह को बढ़ाएंगे और प्रदेशवासियों को विशेष संदेश देंगे।

विश्व मृदा दिवस

विश्व मृदा दिवस  के अवसर पर भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान भोपाल में आज एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्व प्रसिद्ध मृदा वैज्ञानिक और पद्म श्री से सम्मानित प्रोफेसर रत्तन लाल ने वर्चुअली शामिल होकर किसानों के लिए टिकाऊ मिट्टी प्रबंधन के महत्व पर जोर दिया। शिवपुरी और  मन्दसौर जिलों में विश्व मृदा स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किये गये।

राष्ट्रीय बालरंग

भोपाल के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में आज राष्ट्रीय बालरंग की रंगारंग शुरूआत हुई। इसमें 19 राज्यों के बच्चों ने सहभागिता की। राष्ट्रीय बालरंग की शुरूआत में केन्द्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के बच्चों ने विकसित भारत 2047 की थीम पर लोक नृत्य की प्रस्तुति दी।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में -**

- नर्मदापुरम में आज विश्व एड्स जागरूकता सप्ताह 2025" के अंतर्गत साप्ताहिक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- शिवपुरी जिले में प्रत्येक किसान के लिए समय पर और पारदर्शी उर्वरक पहुंच सुनिश्चित करने हेतु जिले में ई टोकन एवं उर्वरक वितरण प्रणाली व्यवस्था शुरू कर दी है।
- "वॉश ऑन व्हील" योजना के तहत शहडोल जिले के 34 क्लस्टरों में स्वच्छता साथी अपनी सेवाएं देंगे।
- भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीसरा और अंतिम एक दिवसीय मुकाबला कल विशाखापत्तनम में खेला जाएगा। यह मैच भारतीय समय अनुसार डेढ बजे से शुरू होगा। दोनों टीम श्रृंखला में 1-1 की बराबरी पर है।
- एफ आई एच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में आज भारत का सामना बेल्जियम से होगा। ये मुक़ाबला भारतीय समय अनुसार शाम आठ बजे से चेन्नई के मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा।

---